>

Title: Request to expedite the work of Railway traction Factory in Vidisha Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री रामाकान्त भार्गव (विदिशा) : सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र विदिशा मध्य प्रदेश में करीब 60 करोड़ की लागत से डीजल लोकोमोटिव के ट्रैक्शन आल्टरनेटर कारखाना के निर्माण हेतु वर्ष 2015 में शिलान्यास किया गया था । यहां यह उल्लेखनीय है कि उपरोक्त परियोजना को 3 वर्ष में पूर्ण किया जाना था, इसके साथ ही उपरोक्त कारखाने से लोगों को सीधे रोजगार से लाभान्वित होना है ।

रेल में लगाए जाने वाले ट्रैक्शन आल्टरनेटर का उत्पादन प्रारंभ होने से अत्याधिक आर्थिक बचत हो सकेगी । अभी यह आल्टरनेटर विदेश से मंगाए जाते हैं जो अपेक्षाकृत काफी महंगे रहते हैं । इस कारखाने से लगभग 100 ट्रैक्शन आल्टरनेटर प्रतिवर्ष उत्पादन किया जाना है एवं प्रति वर्ष मरम्मत का कार्य किया जाना है । वर्तमान में यह कार्य दो वर्षों से बंद है । कारखाना प्रारंभ होने से स्पष्ट है कि इस कारखाने से विदिशा जिले के लोगों को रोजगार मिलेगा ।

मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री महोदय से अनुरोध है कि संसदीय क्षेत्र विदिशा मध्य प्रदेश में रेल ट्रैक्शन कारखाने को शीघ्र पूर्ण कराएं ताकि विदिशा जिले के अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

20.00 hrs